उपाध्यक्ष महोदय, इस बारे में महाराष्ट्र सरकार ने एक योजना बनाई है। हम लोग जो दिल्ली में बैठ कर बेरोजगारी को दूर करने की योजनाएं बनाते हैं, उनसे कोई फायदा नहीं होगा। हमको इसके लिए गांव-गांव जाना होगा। हमारे देश की 80 प्रतिशत जनता जो गांवों में बसती है, उससे सम्पर्क करना होगा। उनकी क्या-क्या तकलीफ है, कहां सड़कें नहीं हैं, कहां सिंचाई के साधन नहीं हैं, कहां जमीन को कटने से बचाना है, किस प्रकार से किसानों की रक्षा करनी है, इन सब बातों को देखना होगा। जिन हाथों को काम नहीं है, उन हाथों को सही दिशा देनी होगी, सही उपयोग करना होगा। यह समस्या हमारे देश के लिए कोई बड़ी समस्या नहीं हो सकती। हमने देखा है जर्मनी में दो वर्ल्ड वार वहां पर हुए। जर्मनी ईस्ट और वैस्ट में बंटा हुआ है। ईस्ट जर्मनी जाने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दो वर्ल्ड वार्ज ने उसको बड़ी भयानक स्थिति में डाल दिया था और उसको जर्जर कर दिया था। लेकिन इतना होने पर भी वहां की महिलाओं, बच्चों, नौजवानों ने अपने पैरों पर खड़े हो कर उस देश को फिर से आज इस काबिल बना दिया है कि वे पूरी दुनियां से टक्कर लेने की स्थिति में हैं। इंडस्ट्रीज, शिक्षा आदि जो वहां देखने को मिलती है और जिस प्रकार का वातावरण वहां देखने को मिलता है उसको देख कर जलन होती है। एक छोटा सा देश होते हुए भी वह बड़े देशों की तरह से फलफूल रहा है। वह बात हमारे देश में भी आ सकती है। जोश और वातावरण पैदा करने की बात है। आज जो शिक्षा दी जाती है वह ऐसी नहीं होनी चाहिये जो दूसरों की नकल हो। हड़तालें और तरह तरह के आन्दोलन करवाने की कोशिश यहां होती हैं और सहूलियतों के लिए लड़ाई लड़ी जाती है। हम लोग हों या विपक्ष के हों, किसी भी दल के हों, हम जो देश के पालक हैं हम देश के प्रति जवाबदार हैं। जनता ने हमों को यहां चुन कर भेजा है। हम ऐसी ठोस चीज बनाएं और लोगों को दें ताकि देश का भला हो, बेरोजगारी को खत्म करने में

[श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर]

मदद मिले। कुछ राष्ट्रीय महत्व के प्रश्न होते हैं जिन पर किसी प्रकार का विवाद नहीं होनी चाहिये। विरोध के लिए विरोध नहीं होना चाहिये। उन को हल करने के लिए हम सब को मिल कर एक समन्वित योजना बनानी चाहिये और देश के नौजवानों को देनी चाहिये ताकि वे आगे बढ़ सकें।

महाराष्ट्र में एक लाख व्यक्तियों को तीन सौ दिन तक साल में रोजगार देने की व्यवस्था की गई है। वहां अस्सी प्रतिशत धन छोटी छोटी सिंचाई योजनाओं, भू संरक्षण, जंगल लगाने पर खर्च करने की व्यावस्था की गई है। छोटे छोटे काम बड़ा महत्व रखते हैं। स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए उनका अपना अलग विशेष महत्व होता है। आने वाले कल के लिए, एक सुनहरे भविष्य के लिए उनका अपना ही महत्व होता है। राजस्थान में भी एक लाख साठ हजार व्यक्तियों को अन्त्योदय योजना के अन्तर्गत रोजगार दिया गया है। उस में उन लोगों को पम्पिंग सैट, दुधारू पशु, भेड़ बकरी, बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, सिलाई मशीनें, करघे आदि दिए गए हैं। जो निम्न वर्ग के गरीब लोग हैं उनके वास्ते इस तरह से कमाई के साधन जब पैदा कर दिए जाते हैं तो छोटी चीज होते हुए भी उसका महत्व बहुत अधिक हो जाता है। इस प्रकार से उनकी थोड़ी सी मदद कर दी गई है। इसी तरह से अगर लोगों को थोड़ा सा सहारा दे दिया जाए तो वे अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं और जो समस्या बहुत बड़ी दिखती है वह सरल हो सकती है और वह बड़ी नहीं रह जाती है।

काम के बदले अनाज योजना भी मध्य प्रदेश में चल रही है। इससे भी बेरोजगारी दूर करने में मदद मिली है। यह एक साहसिक और बड़ा कदम साबित हो सकती है अगर इसका विस्तार किया जाए। अनाज के हमारे पास विपुल भंडार हैं। एक व्यक्ति को अगर हम तीन सौ दिन तक रोजगार इस योजना के अन्तर्गत दें तो एक साल में उसके लिए एक टन अनाज की आवश्यकता होती है। चालीस लाख टन अनाज अगर इस योजना में लगाया जाए तो इससे हमारे देश के दो करोड़ लोगों को साल भर पूरा रोजगार मिल सकता है। इससे तीन लाभ होंगे।

16.28 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

पहला यह है कि गरीबी के हाथ में पैसा जाएगा। दूसरे अनाज का मूल्य प्राप्त होगा। तीसरे गांव के लोगों को जो महंगा अनाज खरीदना पड़ता है वह नहीं खरीदना पड़ेगा। जिन किसानों को यह लाभ प्राप्त होगा उनकी बेरोजगारी की समस्या अपने आप खत्म हो जाएगी।

डेरी डिवलेपमेंट करपोरेशन की स्कीम मैंने गुजरात के खेड़ा डिस्ट्रिक्ट में देखी है। वहां लगभग एक हजार गांव हैं। 950 गांवों में दूध की छोटी छोटी सहकारी समितियां बना करके वहां के गरीब, छोटे और आम किसान को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई है। ऐसी बात नहीं है कि वहां का किसान लोन नहीं लेता। लेता है। परन्तु उसमें कर्ज को पटाने की क्षमता है। गांवों में जब हम जाते हैं तो एक दो किसान हम को भी प्रार्थनापत्र देते हैं कि उनके कर्ज की किश्त करवा दी जाए। लेकिन खेड़ा, शोलापुर, कोल्हापुर, इंच्छल करंजी, अखलूज में आम किसान, छोटा आदमी, नौजवान अपने पैरों पर पावर लूम के माध्यम से, शुगर इन्डस्ट्रीज के माध्यम से, पोलटरी फार्म के माध्याम से, खड़ा हो रहा है। इसी तरह की चीज में इस समस्या का हल निहित है। शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन होना चाहिये। समाज के सभी लोगों को, प्रगतिशील किसान मजदूर संगठनों को, शासक पक्ष तथा विरोधी पक्ष के नेताओं को मिल कर इस पर काम करना चाहिये। ऐसा किया गया तो इसका अच्छा फल हम लोगों को मिल सकता है।

इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का विरोध करता हूं और उनकी भावना से मैं सहमत हूं।

*SHRI C. PALANIAPPAN (Salem): Mr. Chairman, on behalf of my party, the D.M.K., I would like to make a few suggestions in support of my hon. friend, Shri Phoolchand Verma's Resolution demanding the constitution of a National Youth Commission to solve

*The original speech was delivered in Tamil.

the growing unemployment problem in our country.

The organised industrial sector in our country has created 21 per cent job opportunities, the State Governments, the Central Government and the public sector undertakings of both the State and the Central Governments 23 per cent job opportunities and the agricultural sector 46 per cent job opportunities. The unemployment problem has become a national problem and it cannot be tackled by the normal ways of budgeting. The national budget should be such as to create job opportunities through massive investments both in industries and in agriculture. Then only we will be able to touch the fringe of the problem of unemnloyment of about 4 crores of educated youths in our country.

In Tamil Nadu, 10.8 lakhs are registered in the Employment Exchanges. In Salem alone about 66000 youngsters have registered in the Employment Exchanges. During Dr. Kalaignar Karunandhis regime the registrants in the Employment Exchanges were only 2.5 lakhs. According to the authoritative statistics, the unemployment in the State of Tamil Nadu is 16.1 per cent as against 8.5 per cent for the country. This is the highest among all the States in the country. The unemployment in Tamil Nadu has grown beyond control during the ADMK regione. The number of rural people below the poverty line in the State is 63 per cent as against 52.52 per cent in 1976. It was 45 per cent only during the rule of my leader Dr. Kalaignar Karunanidhi. The State of Tamil Nadu should receive special attention in the hands of Central Government.

While we have to plan on a massive scale we should bear in mind that the drift from rural to urban areas should be arrested. The rural areas should not only be made self-sufficient but also self-reliant. In other words, the job opportunities should be created only in rural areas. In 1980-81 Rs. 144.79 crores was allotted for rural development. It was like dropping asafoetida in the sea. We should formulate schemes through the Khadi and Village Industries Commission. The rural areas should have tiny industries. The District Industries Centres should also be given the due role in the creation of small industrial units in the rural areas. We should have tiny units for manufacturing soaps, matches, handmade papers and boards, mats, etc. We should have cooperative handloom units as also cooperative powerloom units. Small oil crushers to have coconut oil, groundnut oil, castor oil and other edible oils should be set up. We should plan for setting up small units for manufacturing aluminium vessels for small agricultural implements for bricks and tiles. Ancillary units for producing small items required by large units should also be set up. We can encourage carpentry in rural areas. Printing and Binding units can also be thought of. The Government should arrange for the supply of raw materials and also for procuring the products The intermediaries should be abolished. Power supply to rural industries should be given precedence. These tiny and small units will generate employment opportunities for the unemployed as also for the agricultu ral labour who do not have employment throughout the year. You know, Sir, that agricultural itself is seasonal and naturally, during the lean reasons, these units will enable them to supplemement their income. The objective should be to create employment opportunities for every 100 unemployed in the rural area through setting up either a tiny unit or a small unit.

We will be failing in our duty if we do not produce more to meet the basic minimum requirements of essential commodities by the common people throughout the length and breadth of the country. We should also ensure that there is a nationwide distribution network for the essential commodities. Even in this sector we will be able to create job opportunities for the educated unemployed. The right of employment must be enshrined in our Constitution. We cannot allow to

[Shri C. Palaniappan]

waste the manpower available within the country. We should also formulate schemes for helping the disabled and the old people in our country.

The wise leaders of our country will no doubt formulate meaningful schemes not only for containing the problem of unemployment but also for eliminating the courage of unemployment from the country.

Before I conclude, I would say that this National Youth Commission should become the potent instrument and endeavour earnestly in the direction I have suggested.

With these words I resume my seat.

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन** (बाडमेर): सभापति महोदय, श्री फूलचन्द्र वर्मा ने जो प्रस्ताव रखा है और अपने विचार प्रस्तुत किया है, उनका समर्थन करते हुए मैं अपने विचार सदन के समक्ष रखना चाहता हूं।

जनसंख्या की वृद्धि के साथ-साथ बेरोजगारों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। इस संबंध में हमने जो योजनाएं बनाई, उनका मुख्य उद्देश्य यह था कि हम अपनी गरीबी और बेरोजगारी को दूर करें। हमें विश्लेषण और चिन्तन करना होगा कि हम इसमें कितने सफल हुए?

प्रश्न यह उठता है कि न तो जनसंख्या की वृद्धि को हम रोक पाये और न बेरोजगारों की बढ़ती हुई पलटन के संबंध में हम कोई यथोचित कदम उठा सके? इस सम्बन्ध में मैं कुछ सुझाव प्रस्तुत करना चाहता हूं।

कोई भी देश जब तक उस के नागरिक परिश्रमी, चारित्रवान और दृढ़निश्चयी न हों, वह उन्नति नहीं कर सकता। कितनी भी योजनाएं बना दीजिये, परन्तु ये गुण राष्ट्र के किसी भी व्यक्ति या नागरिक में होने आवश्यक हैं।

शिक्षा जो हमारी आधारभूत संरचना का स्वरूप पैदा करती है, उसके बारे में हमने अभी तक कोई ऐसी नीति नहीं बनाई, जिससे कि हम देश को उन्नतिशील बना सके। न हमने नैतिक दृष्टि से उत्थान किया है और न हमने रोजगार की दृष्टि से उत्थान किया है। दोनों दृष्टियों से हमारा पतन हो रहा है, यह हमारे लिये सोचने की बात है।

मेरा तो यह सुझाव है कि इस सम्बन्ध में लोक-सभा में 3 दिन तक बराबर डिस्कशन होना चाहिये और उस पर हमें अपने व्यूज एक्सप्रेस करने चाहियें। नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल में, चीफ मिनिस्टर्स कान्फरेंस और एजूकेशन मिनिस्टर्स कांफरेंस में इसके ऊपर विचार होना चाहिये क्योंकि जब तक हम इस शिक्षा नीति के बारे में पूर्ण तौर पर एक निश्चय नहीं करते। हमने नीति बनाई है 10+2+3, की, इस नीति के ऊपर भी कुछ स्टेट्स ने अमल किया है, उस का पालन किया है और कुछ ने उस का पालन नहीं किया है। जब हम ने यह पालिसी बना दी है 10+2+3 की तो हमें इस को इम्पलीमेंट करने का प्रयास करना चाहिये। हम ने जो बीस सूत्री कार्यक्रम रखा था उस में भी हम ने इस की व्यवस्था की थी अप्रेंटिशिप की और मैं यह कहना चाहता हूं कि इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर सेट अप करने चाहियें जो कि आठवीं पास करने वाले और दसवीं फेल लड़कों को भी एक या डेढ़ साल की ट्रेनिंग दे कर इस योग्य बना दें कि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

55 वर्ष की आयु का जो सुझाव है उस को हमारी राजस्थान सरकार ने मान्यता दी है और हम लगातार सात वर्षों से इस सुझाव को कार्यान्वित कर रहे हैं। केन्द्रीय सरकार को भी और जो हमारी पब्लिक अंडरटेकिंग्स हैं उन को भी 55 वर्ष की आयु रिटायरमेंट के लिए मान कर काम करना चाहिए। इस सम्बन्ध में भी कदम उठाना चाहिए।

ओवर टाइम की बात भी इसी तरह से आप देखें, मैं ने प्रश्न पूछा तो उस के जो कैलकुलेशंस लगाए गए हैं उन के हिसाब से हमें बताया गया कि 1 हजार करोड़ रुपये ओवरटाइम में दिए जाते हैं। आप यह समझिए कि इस 1 हजार करोड़ रुपये से कितने व्यक्तियों को एम्पलायमेंट दिया जा सकता है।

मैं ग्रामीण क्षेत्रों में जाता हूं तो वहां लोग पूछते हैं कि हम अपने बच्चों को क्यों पढ़ाएं जब कि पढ़ने लिखने के बाद उन्हें

सर्विस तो मिलती नहीं और हमारे लड़के जो खेतों में काम करते थे, उस के लायक भी नहीं रह जाते। तो हम क्यों पढ़ाई की तरफ बढ़ें? यह प्रश्न ग्रामीण क्षेत्र के लोग हमारे सामने प्रस्तुत करते हैं। हमारी जो शिक्षा है उसे हमें जाब-ओरिएंटेड, एम्पलायमेंट-ओरिएंटेड करना पड़ेगा और यह प्रयास करना पड़ेगा कि शिक्षा के अन्दर जो सेकेंड्री या हायर सेकेंड्री से आगे बढ़ना चाहते हैं उन लोगों का सेलेक्शन योग्यता के आधार पर कर के, जो योग्य हों उन्हीं को बी. ए. और एम. ए. के लिए आगे शिक्षा दी जाय।

आज विशेषकर जो डाक्टर और इंजीनियर हम तैयार कर रहे हैं वह भी अनएम्पलायड हैं, यह भी हमारे लिए सोचने की बात है क्यों कि लाखों रुपये खर्च करते हैं डाक्टर्स और इंजीनियर्स को तैयार करने पर लेकिन उन को भी एम्पलायमेंट नहीं मिलता है।

इसलिए मैं यही कहना चाहता हूं कि हमारे राष्ट्र में जो शिक्षा की प्रणाली है उस में आमूलचूल परिवर्तन कर के हमें आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला): सभापति महोदय, देश में पढ़े लिखे और बिना पढ़े लिखे लोगों में जो बेरोजगारी बढ़ रही है उस के प्रति और उस का हम समाधान नहीं कर पा रहे हैं, उस के प्रति हमें बड़ी गंभीरता से सोचना है। इस बेरोजगारी का प्रभाव केवल हमारे अर्थतंत्र पर ही नहीं पड़ेगा बल्कि देश के भविष्य पर जो पड़ेगा.. **(व्यवधान)**.... प्रजातंत्र की बात में क्या कहूं, इस देश में कौन सी स्थिति आ सकती है अगर हम बेरोजगारी को समाप्त नहीं कर पाये, उस से हमें सावधान रहना चाहिये।

जहां तक पढ़े-लिखे लोगों की बेरोजगारी की बात है, उसके लिए जहां हमें बड़ी जल्दी कारगर ढंग से शिक्षा में परिवर्तन करना है, वहां कुछ ऐसे टेम्पोरेरी तरीके अपनाने हैं, जिनके द्वारा हम कुछ लोगों को एम्पलायमेंट दे सकें।

आज एक तरफ हम लोगों को पूरे समय का रोजगार देते हैं और दूसरी तरफ बेरोजगारों की टोली बढ़ती चली जा रही है। क्यों न हम मौजूदा एम्पलायमेंट का बंटवारा कर लें? अभी माननीय सदस्य ने बताया है कि ओवरटाइम का बहुत पैसा दिया जा रहा है। मेरा सुझाव है कि काम के घंटे घटा कर उस अनुपात में और लोगों को भर्ती किया जाबे। काम के घंटे घटाने से बहुत से नये लोगों को काम करने का मौका मिलेगा और आंशिक सुविधा मिलेगी।

जहां तक रिटायरमेंट का सम्बन्ध है, निश्चित रूप से 55 वर्ष पर कर्मचारियों को रिटायर कर देना चाहिए, ताकि बेरोजगारों की सेना को मौका मिले। आज बेरोजगारी की हालत यह है कि पढ़े-लिखे नवयुवक मेडिकल कालेजों और हास्पिटलों में अपना खून बेचने के लिए मजबूर हैं। बेकारी से तंग आ कर वे आत्महत्या कर रहे हैं, नदियों में डूब रहे हैं, रेलों से कट रहे हैं, जहर खा रहे हैं। हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सोचना पड़ेगा। यह राजनीति का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस देश में बेरोजगारी को खत्म करने का प्रश्न है।

यह भी आवश्यक है कि एक व्यक्ति के पास एक ही धंधा, एक ही काम रहे। एक व्यक्ति सम्पत्ति पर भी कब्जा किये हुए है, वह खेती भी करता है, नौकरी भी करता है और उसके परिवार के लोग इंडस्ट्री भी चलाते हैं।

पढ़े-लिखे बेरोजगारों के लिए ऐसी इंडस्ट्रीज कायम होनी चाहिए, जिन का स्वामित्व, एडमिनिस्ट्रेशन, मैनेजमेंट उन्हीं लोगों के पास हो और वही उन्हें चलायें।

आज हमारे देश में टेम्पोरेरी और एड हाक बेसिस पर एपायंटमेंट होते हैं। यह बेरोजगारों का शोषण है, उनके साथ भ्रष्टाचार है। एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए रखा जाता है—पैसा ले कर रखा जाता है और छः सात महीने के बाद उसको निकाल दिया जाता है। उसके बाद वह बेचारा फिर पैसा इकट्ठा कर के दूसरी जगह ढूंढता है। टेम्पोरेरी एपायंटमेंट्स

[श्री जयपाल सिंह कश्यप]

और एड हाक बेसिस पर होने वाली नियुक्तियों से लोगों को नुकसान होता है, इस लिए उन्हें समाप्त किया जाये। लोगों को पर्मानेंट जाब दिया जाये और जो काम न कर सके, उसको रिवर्ट कर दिया जाये।

शिक्षा के तरीके को इस तरह बदल दिया जाये कि लोगों को रोजगार मिल सके।

**प्रो. सत्यदेव सिंह** (छपरा): सभापति महोदय, मैं इस प्रस्ताव का विरोध करता हूं।

**श्री फूलचन्द वर्मा** (शाजापुर): क्यों करते हैं?

**प्रो. सत्यदेव सिंह**: मैं इस लिए विरोध करता हूं कि जनसंघ का नारा था—उसने लेबल बदल कर अपना नाम भारतीय जनता पार्टी रख लिया है—कि हर खेत को पानी, हर हाथ को काम।

**श्री फूल चन्द वर्मा**: वह अभी भी है।

**प्रो. सत्यदेव सिंह**: लेकिन जब इन लोगों को मौका मिला, जब वे शासन में आए, तो वे इस बात को भूल गए और राष्ट्रीय हित को ताक पर रख कर आपसी झगड़ों में उलझ गए, वे इस बात पर झगड़ा करने लगे कि प्रधान मंत्री कौन बने, जिससे देश का भला नहीं हो सका। यह तो उनका प्रस्ताव मात्र है; वस्तुत: वे कुछ नहीं करना चाहते हैं।

श्री जयपाल सिंह कश्यप ने कहा है कि काम के घंटे कम कर के दूसरे लोगों को मौका देना चाहिये। दूसरों को मौका तो मिलना चाहिए लेकिन जब तक कर्मचारी काम के घंटों के अनुसार निष्ठापूर्वक काम नहीं करते हैं, तब तक देश का भला नहीं हो सकेगा, देश का उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा। काम के घंटे कम करना राष्ट्र-हित के अनुकूल नहीं है।

माननीय सदस्य ने अवकाश-ग्रहण की आयु को कम करने का सुझाव दिया है। मैं इसको सही नहीं मानता हूं। काम करने का अनुभव प्राप्त करने के बाद अचानक 55 वर्ष के बाद आप उसको हटा दें, मैं इसको अच्छा नहीं मानता हूं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और जो शिक्षा दी जाती है, उसमें शारीरिक श्रम का स्थान नहीं है। हमारे बच्चे विद्यालयों और महाविद्यालयों, स्कूलों तथा कालेजों में पढ़ने जाते हैं, तो उन्हें शारीरिक श्रम का प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है, इस प्रकार वे निकम्मे हो जाते हैं और उनको केवल नौकरी पर ही आश्रित रहना पड़ता है। जहां पर देश की 80 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर करती है, वहां के नवयुवकों को विद्यालयों में शारीरिक श्रम करने की क्षमता न हो सके, तो उससे देश सुन्दर नहीं रह सकेगा। इसलिए जहां एक तरफ लड़कों को स्कूलों और कालेजों में किताबी शिक्षा दी जाती है, दूसरी तरफ उन्हें यह भी प्रशिक्षण मिलना चाहिए, जिससे वह शारीरिक श्रम करने योग्य बन सकें। योग्य बनकर अपने देश के, अपने राष्ट्र के अभ्युदय विकास के लिए कारगर योगदान दे सकें।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): I share the deep concern of the hon. Member, Shri Phool Chand Verma for the educated unemployment prevailing in the country, which has prompted him to move this Resolution.

I have also heard the speeches made by hon. Members, Shri Mool Chand Daga, and Shri Mukunda Mandal while moving their amendments on the resolution. I have noted the suggestions made by Shri Vyasji, Shri Sultanpuri, Shri Mollah, Shri Namgyal, Shri Nawal Kishore Sharma, yourself and Shri Parulekar, and then Shri Palaniappan, Shri Vridhi Chand Jain, Shri Satya Deo Singh, and others. I am very very grateful to the hon. Members for the suggestions they have made.

As regards their suggestions concerning reforming the educational system those will be sent to the concerned Ministry. I do not think that the educational system alone should be blamed for the alleged failure of the planning process in channelising the youth into productive avenues, as has been made out in the Resolution before the House, because the existing unemployment situation is also the result of a large number of other factors. Important among these are the rapid population growth and the inadequate pace of development over the years. The educational and training system has no doubut, an important role to play in oreparing the youth for various developmental activities as has been emphasised by every member who has spoken on the Resolution. Government have recognised this fact and have therefore been taking a number of steps over the years for making the education system responsive to the needs of development.

I would like to refer to some of these steps here. A vast network of ITIs and an Apprenticeship Training Programme have been developed to train craftsmen and technicians for the industries. Entrepreneurship training programmes and the recent TRYSEM programme train educated youth in urban and rural areas for self-employment. Over and above these, a number of youth programmes like the scheme for Nehru Yuwak Kendras, the National Service Scheme etc., involve student and non-student youth in community and development activities. The process of re-orienting the education and training system to employment and making it relevant to life, is being continued in a more vigorous manner in the Sixth Plan. I would like to mention some of the important programmes included in the Plan for this purpose. Programmes for introducing work experience and for increasing the practical bias in secondary schools would be strengthened and vocationalisation of secondary education will be based on detailed surveys of work opportunities. The Industrial Training Institutes would be revamped to make their training programme self-employment and production oriented. Post-graduate education and research would concentrate on areas relevant to national development objectives. Institutions of higher learning would be encouraged to involve themselves in development activities in the community.

The Sixth Plan also envosages concerted efforts to forge beneficial links among education, employment and economic development. The House would be glad to know that a Committee of Experts has already been set up by the Planning Commission to examine several aspects of the issues involved in detail. This Committee has already made a number of suggestions and is currently preparing guidelines for formulating specific programmes for the purpose. Steps will be taken during the Sixth Plan to implement these programmes.

The Sixth Plan also envisages the formulation of a National Youth Policy incorporating a strategy for involving youth in national development. I may and that a National Youth Board is already functioning under the chairmanship of the Minister for Education for advising the Government on youth programmes and policies. This Committee includes officials as well as non-officials, Members of Parliament and representatives of student unions etc. The Board is the highest apex booy in the field of youth development.

The Resolution moved by the hon. Member states that there is a lack of direction in providing employment to the educated youth during the Sixth Plan. This is not correct since the Sixth Plan includes a large number of programmes which would generate substantial employment opportunities for the educated. The Plan proposes a new deal for the self-employed through a package of measures consisting of training, credit, marketing and general guidance to the public regarding facilities available. An important feature of the Sixth Plan is

[Shrimati Ram Dulari Sinha]

the decentralised strategy, for manpower planning and employment generation, proposed to be adopted. The District Manpower Planning and Employment Generation Councils proposed for all the districts would prepare employment strategies and plans relevant to each district and monitor their implementation.

Reference to questions like payment of unemployment allowance, reforming of the employment exchanges, etc. were made by hon. Members who spoke on the Resolution. Government's stand on the question of paying unemployment allowance to the unemployed has been clarified a number of times in this House and in the other House also. Government are not in favour of paying unemployment allowance in view of the large financial implications of the proposal. Government would rather utilise such resources for creating productive employment opportunities for the unemployed rather than use them for paying cash doles.

As for the emloyment exchanges, the recommendations of a Committee which recently examined the working of the employment exchanges are already receiving consideration of the Government. The Sixth Plan also envisages the restructing of the employment exchanges in such a way that they may render a more effective service in guiding and assisting those seeking opportunities for self-employment.

SHRI MUKUNDA MANDAL (Mathurapur): I wanted to know whether the Government is interesting in giving unemployment allowance to the youth.

SHRIMATI RAM DULARI SINHA: To sum up, therefore, Government are already taking steps to reorient education and training to make it relevant to a gainful working life. The Sixth Plan has devoted a good deal of attention to employment generation, contrary to what the Resolution before the House states. An Expert Committee is already going into the linkages between education, employment and development and a National Youth Board also already exist for advising Government on youth development. In the circumstances, therefore, there is hardly any need to set up a National Youth Commission as proposed in the Resolution. I would, therefore, request the hon. Member to withdraw the Resolution.

Mr. Chairman, Sir, when you made a speech on this Resolution you said lot of things. It reminded me of the days when we were also working among youth, particularly among rural youth.

आपने, सभापति जी, थोड़ी देर पहले अपने भाषण में कहा था कि आप सैक्रेटरी थे, यूथ आन्दोलन के नेता थे

आप ने सरदार भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल की याद दिलाई। मैं कुछ कहना तो नहीं चाहती थी लेकिन वह एक जमाना था--

चमकता है शहीदों का लहू,
    कुदरत के पर्दे पर।
शफक का हुस्न क्या है,
    शोखिये-रंगे हिना क्या है?
गुनहगारों में हूं शामिल,
गुनाहों से नहीं वाकिफ।
सजा को जानती हूं मैं,
    खुदा जाने खता क्या है।
नया बिस्मिल हूं मैं वाकिफ नहीं,
    रस्मों शहादत से।
बता दे तू हि अे कातिल
    तड़पने की अदा क्या है।
उन्हें यह फिक्र है हरदम,
    नयी तर्जे जफा क्या है?
हमें भी शक है देखें
    सितम की इन्तिहा क्या है।"

आज हम निर्माण के दौर से गुजर रहे हैं। वो जमाना था शहादत का, उस समय मजा आता था, आज हम लेने-देने की बात करते हैं। आज देश के नौजवानों को अनुशासन में बांधने के लिए सरकार अकेले कुछ नहीं कर सकती, आप सब लोगों के सहयोग की आवश्यकता है।

**श्री फूल चन्द वर्मा:** माननीय सभापति महोदय, शिक्षित बेरोजगारी की समस्या के संबंध में जो मेरा प्रस्ताव था, उस समस्या को हल करने के लिए इस सदन के पक्ष और विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों ने भाग लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए हैं और देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। माननीय मंत्री महोदया ने भी जानकारी दी कि इस बारे में सरकार क्या-क्या कदम उठा रही है, लेकिन कुछ बातों का अपने भाषण के दौरान उन्होंने जवाब नहीं दिया। मैंने समस्या के समाधान के लिए कुछ सुझाव दिए थे, उनकी ओर या तो उन्होंने ध्यान नहीं दिया या वे सफाई के साथ टाल गईं। जैसा कि मैंने सुझाव दिया था कि काम के अधिकार को हमारे संविधान के अंदर मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाना चाहिए। संबंध में माननीय मंत्री जी ने कुछ नहीं कहा। इसी प्रकार रोजगार कार्यालयों की बात उन्होंने की, मेरा इस बारे में सुझाव था कि रोजगार कार्यालयों के द्वारा सरकार को जो आंकड़े प्राप्त होते हैं, वे सही नहीं नहीं होते, क्योंकि रोजगार कार्यालय शहरों में हैं। गांवों के अंदर जो बेरोजगार हैं, किसानों के जो बेटे पढ़-लिख जाते हैं, वे अपना नाम दर्ज नहीं करवा पाते। इसलिए मेरा सुझाव था कि रोजगार कार्यालय ब्लाक-लेवल पर होने चाहिएं, ताकि गांव के लोग अपना नाम वहां पर दर्ज करा सकें। इससे सरकार को भी लाभ होगा, क्योंकि उसे सही आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे, इस संबंध में मंत्री महोदया ने कुछ नहीं कहा। इसी प्रकार विदेशों में रोजगार कार्यालय स्थापित करने के बारे में भी मैंने निवेदन किया था। आप अच्छी तरह जानते हैं कि हमारे साउथ में केरल, कर्नाटक, मद्रास . . .।

**श्रीमती रामदुलारी सिन्हा:** उसमें सुधार लाने के लिए एक्सपर्ट्स की एक कमेटी की बात कही है।

**श्री फूल चन्द वर्मा:** मैं निवेदन कर रहा हूं कि आपने पहले भी इस बारे में बहुत सी कमेटियां बनाई हैं, लेकिन उनकी रिपोर्टों का क्या हुआ है। मुझे याद है कि आज तक इस प्रकार की 5-7 कमेटियां बनी हैं, लेकिन उनकी रिपोर्टों का क्या हुआ, उनकी रिपोर्ट्स आपने कोल्ड स्टोरेज में रखवा दी हैं। आप एक भी उदाहरण बता दीजिए कि उन रिपोर्ट्स पर कोई एक्शन लिया गया हो। आज इस बेरोजगारी की समस्या से प्रजातंत्र को खतरा है। अगर इसका समय रहते समाधान नहीं किया गया तो हमारा अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस समस्या पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए, लेकिन सामने के जो सदस्य बैठे हैं वे इस गंभीर समस्या पर भी अपने दल के ऊपर उठकर नहीं बोले। इसका मुझे दुख है।

कुछ माननीय सदस्यों ने यहां पर आर एस एस को जबर्दस्ती घसीटने की कोशिश की है। मैं पूछना चाहता हूं कि मोरवी में जब बाढ़ आई थी तो कांग्रेस के हमारे बंधु कहां थे ?

**एक माननीय सदस्य:** श्रीमती इंदिरा गांधी गई थीं।

**श्री फूल चन्द वर्मा:** कब गई थीं मुझे मालूम है। सड़ रही लाशों को किन्हों ने उठा कर उनका अंतिम संस्कार किया था, उनकी सेवा की थी? आप इस बात से इन्कार नहीं कर सकते हैं कि हर जगह पर चाहे हैदराबाद का मामला हो या और जगह का है, आर एस एस को बीच में घसीटने की कोशिश करना अच्छी बात नहीं है। खुद कांच के मकानों पर बैठ कर दूसरों पर पत्थर फेंकना अच्छी बात नहीं है। इस तरह की हिम्मत आपको नहीं करनी चाहिये। अगर ऐसा आप करते हैं तो इसके दुष्परिणाम भुगतने के लिए भी आपको तैयार रहना चाहिये।

जिस ढंग से उत्तर दिया गया है उससे मैं बिल्कुल संतुष्ट नहीं हूं। बेरोजगारी की समस्या हमारे देश के लिए एक अभिशाप है। नवयुवक आज किमकर्तव्यविमूढ़ हैं। सड़कों पर वे घूम रहे हैं। निराश हो कर वे असामाजिक गतिविधियों में संलग्न हो जाते हैं। पढ़ा लिखा व्यक्ति अगर असामाजिक तत्वों के साथ मिल कर काम करता है तो

[श्री फूल चन्द वर्मा]

वह प्लानिंग के साथ काम करता है । उस का उस ओर दिमाग ज्यादा लगता है। इस वास्ते मैंने प्रार्थना की है कि बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए । इसके बारे में आपने कुछ नहीं कहा । ओवर टाइम का एक हजार करोड़ रुपया दिया जाता है । इसको रोका जाए। यह एक अच्छा सुझाव है। इसकी मैं तहेदिल से सराहना करता हूं । 58 से घटा कर 55 वर्ष की अवकाश लेने की आयु के बारे में जो सुझाव दिया गया है इसके मैं पक्ष में नहीं हूं और इसलिए नहीं हूं कि आज किसी परिवार में अगर एक ही व्यक्ति कमाने वाला है और वह अपने परिवार की गाड़ी को खींच रहा है और उसका कोई लड़का मैट्रिक में, कोई इंजीनियरिंग या डाक्टरी के आखिरी साल में पढ़ रहा है तो ऐसे समय में उस व्यक्ति को अगर रिटायर कर दिया जाए तो उसके बच्चों की शिक्षा बीच में ही रुक जाएगी । इस तरह से बेरोजगारों को हम रोजगार तो ज्यादा नहीं दे सकेंगे लेकिन बेरोजगारों की संख्या भी बढ़ने लग जाएगी ।इस सुझाव को अगर मान लिया गया तो अस्सी हजार को रोजगार दे कर लाखों को बेरोजगार करके हम उनको सड़कों पर ला कर खड़ा कर देंगे । मैं बापू साहेब पारुलेकर का बहुत ज्यादा सम्मान करता हूं लेकिन उन्होंने यह जो सुझाव रखा है जब मैं इसको परिपेक्षय में देखता हूं तो मजबूर हो कर मुझ को इसको अस्वीकार करने पर बाध्य होना पड़ता है ।

कुछ कांग्रेस के सदस्यों ने कहा है कि बीस सूत्री कार्य क्रम के आधार पर देश के शिक्षित बेरोजगारों की समस्या को हल करने की कोशिश की जा रही है । यह कार्यक्रम किस का है? अगर यह सरकारी है और पार्टी का नहीं है तो इस में विरोधियों को क्यों नहीं लिया गया है? मैं मध्य प्रदेश से आता हूं। वहां इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कमेटियां बना कर उन में केवल कांग्रेसियों को लिया गया है, किसी विरोधी को नहीं लिया गया है, संसद सदस्य, एम एल ए, जन पद अध्यक्ष और पंच आदि जो विरोधी दलों के हैं उन तक को नहीं लिया गया है।

**श्रीमती राम दुलारी सिन्हा** : क्या कमेटियों में केवल लेने से काम चल सकता है? देश के विकास में सहयोग करें।

**श्री फूल चन्द वर्मा**: समितियों का निर्माण क्यों करते हैं? अगर कांग्रेस पार्टी की यह कमेटी है और यह कार्यक्रम है तो मुझे कुछ नहीं कहना। लेकिन जब खर्चा इस कमेटी का सरकार बरदाश्त करती है तो उस में विरोधियों को भी रखना चाहिये। लेकिन आपने ऐसा नहीं किया है और इस कारण और भी समस्यायें खड़ी हो रही हैं।

आपने हल्के ढंग से घुमा फिरा कर, गोल-माल तरीके से उत्तर देने की कोशिश की है । मैं चाहता हूं कि विषय की नजाकत को आप पहचानें । समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है । जिस प्रकार गुजरात में आन्दोलन चल रहे हैं, असम में चल रहे हैं, उनकी तह में आप जाएं । इनके पीछे यही एक समस्या है, यही भावना निहित है । पूरे देश में यह आग फैल रही है । मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि इस समस्या को सरकार गम्भीरतापूर्वक ले । मेरे प्रस्ताव से आप सहमत नहीं इसका मुझे दुख नहीं है । लेकिन मैं चाहता हूं कि इस समस्या को आप हल करें ।

छठी योजना में इस समस्या को हल करने के लिए आपने एक कमेटी बनाई थी । वह कमेटी क्या करेगी, किन बिन्दुओं पर विचार करेगी, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है । उस के लिए कोई समय निर्धारित किया गया है, यह भी बताने में आप समर्थ नहीं हैं ।

मैं सोचता हूं कमेटी 5 साल तक काम करेगी और जब दूसरी सरकार आयेगी तो उसकी रिपोर्ट कोल्ड स्टोरेज में बन्द हो जायगी । इस प्रकार से इस समस्या को सुलझाने का तरीका ठीक नहीं है, इससे बेकारी की समस्या सुलझेगी नहीं ।

आपने अभी कहा हम बेकारी का भत्ता नहीं देना चाहते । शायद आपको पता न हो कि संसार के 34 देशों में वहां के बेरोजगार लोगों को बेरोजगारी का भत्ता दिया

जाता है। लेकिन मेरी जानकारी के अनुसार 41 देश ऐसे हैं जो बेरोजगारी का भत्ता दे रहे हैं। और उसके पीछे एक ही भावना है कि युवा शक्ति का जो राष्ट्र के नवनिर्माण में योगदान होना चाहिए उससे वह विमुख न हो सके। ....

**श्रीमती राम दुलारी सिन्हा :** हमारे यहां भी 8 राज्यों में दिया जा रहा है, और जिसका जिक्र मैंने कई बार इसी सदन में किया। बार-बार उसी बात को दोहराना अच्छा भी नहीं लगता।

**श्री फूल चन्द वर्मा :** आपने जिक्र किया होगा। मध्य प्रदेश के अन्दर पटवा सरकार ने शपथ लेते ही इस बात की व्यवस्था की कि मध्य प्रदेश के अन्दर रहने वाले प्रत्येक बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता देंगे।

**एक माननीय सदस्य :** 1977 के इलेक्शन मैनीफेस्टो में तुम्हारे मैनीफेस्टो में लिखा था।

**श्री फूल चन्द वर्मा :** आप सुनिये। सभापति महोदय, मैंने इस प्रस्ताव को जिस भावना से रखा था उसके पीछे कोई दलीय भावना मेरी नहीं थी। मैंने इसे एक राष्ट्रीय समस्या के रूप में प्रस्तुत किया था और दो ही पक्षों के सदस्यों ने इसको गम्भीरतापूर्वक लिया है। लेकिन जहां तक मंत्री महोदय का सवाल है उन्होंने जो वक्तव्य दिया है, सरकार की नीति बताई है, मैं सोचता हूं वह अपर्याप्त है। और मैं सदन के माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि जो मेरा प्रस्ताव है उसे राजनीति के प्रतिपक्ष में न देखते हुए, बल्कि जो यह गम्भीर समस्या है जिससे हमारा आर्थिक तंत्र तहस नहस हो गया है, हमारी योजनाएं फेल हो रही हैं बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण जो लोग बेरोजगारी की पंक्ति में खड़े हो गये हैं, उसको खत्म करने के लिए लोगों को रोजगार देने के लिये आपको गम्भीरता पूर्वक विचार करना पड़ेगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि यह जो प्रस्ताव है इसको दलीय स्थिति से ऊपर ले कर, पूरे सदन को विश्वास में ले कर इस प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए। यदि आप ऐसा करेंगे तो देश के अन्दर जो करोड़ों नौजवान चप्पल फटकाते घूम रहे हैं उनको राहत मिलेगी और इस देश के अन्दर बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने के लिये एक नया रास्ता हमें दिखाई देगा।

इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. CHAIRMAN: There are two amendments. No. 1 is by Shri Mool Chand Dagga and No. 4 is by Shri Mukunda Mandal.

Shri Mool Chand Daga is not present.

I put amendment No 1 moved by Shri Mool Chand Daga to the vote of the House.

*Amendment No. 1 was put and negatived.*

MR. CHAIRMAN: Shri Mukunda Mandal, are you withdrawing your amendment No. 4?

SHRI MUKUNDA MANDAL: No, I am not withdrawing.

MR. CHAIRMAN: I shall put amendment No. 4 moved by Shri Mukunda Mandal to the vote of the House.

*Amendment No. 4 was put and negatived.*

MR. CHAIRMAN: Now, I put the Resolution moved by Shri Phool Chand Verma to the vote of the House.

The question is:

"In view of the fact that the present educational system does not equip and prepare the youth for meeting the challenges of life, the whole planning process has failed to channelise our youth power into productive channels, and there is lack of direction in providing employment to the educated youth during the Sixth Plan period; this House urges upon the Government to constitute a National Youth Commission immediately to examine and suggest,

[Mr. Chairman.]

within a period of six months, appropriate measures for solving the problem of unemployment amongst the educated youth."

*The Motion was negatived.*

------

**17.16 hrs.**

RESOLUTION RE: DEVELOPMENT OF HILLY REGIONS

MR. CHAIRMAN: We now take up the next Resolution. Prof. Narain Chand Parashar.

PROF. NARAIN CHAND PARASHAR (Hamirpur): Mr. Chairman, Sir, I beg to move:

"This House urges upon the Government to set up a Parliamentary Committee to look into the extremely slow pace of industrial development and lack of adequate infrastructure, like, railway lines, roads, waterways, air-ways, bridges and other amenities like postal services, telecommunications, drinking water, banking and health services, institutions for technical and vocational education and the promotion of tourism, hydel-generation, forestry, agriculture including horticulture, irrigation, mass communication system in the hilly regions of the country, resulting in their extreme backwardness and to suggest ways and means to ensure their rapid economic development so as to bring them at par with the developed regions of the country within a period of five years."

माननीय सभापति जी, इस प्रस्ताव के द्वारा मैं भारतवर्ष के सभी पर्वतीय प्रान्तों, पर्वतीय क्षेत्रों, पिछड़े और गिरिजनों से भरे हुए क्षेत्रों की पीड़ा इस सदन के सामने पेश कर रहा हूं।

हमारे देश में विकास का कार्यक्रम चला, प्रगती के चरण आगे बढ़े और आजादी से भी पहले 1938 में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रेरणा से श्री जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक योजना समिति बनी जिस में कहा गया था कि सारे देश के विकास के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक प्रतिज्ञा करती है और उसके लिये एक योजना बनाती है।

जब भारत आजाद हुआ तो हमारे देश के कर्णधार, भारत के पहले प्रधान मंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने प्लानिंग को देश का एक इम्पार्टेन्ट आस्पेक्ट समझकर पंचवर्षीय योजनाओं का सिलसिला जारी किया। पहली दूसरी, तीसरी पंचवर्षीय योजनाएं बनी और योजना आयोग का गठन हुआ और राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना हुई। इसके द्वारा देश के आर्थिक विकास का ढांचा तैयार करने का जो प्रयास हुआ, उससे भारत के कोने-कोने में एक नई आशा और नये साहस का संचार हुआ।

मुझे उन दिनों की याद आती है जब पहली पंचवर्षीय योजना शुरू हुई। उस समय की बात है ग्राम-ग्राम में एक नई आशा का संचार और स्फूर्ति देखने में आया लोगों ने समझा कि हमारी किस्मत बदलने वाली है। बहुत से कार्यक्रम चले और शुरू हो गये। उस समय एक गलती हमसे हो गई कि सारे भारतवर्ष के लिये एक यूनिफार्म पैटर्न आफ प्लानिंग चुन लिया गया, एक सामान्य आयोजना का आधार, जिसमें भौगोलिक परिस्थितियों और आर्थिक विषमताओं को नहीं देखा गया। नताजा क्या हुआ? हरेक सैक्टर, विभाग और कार्य के लिये धनराशि मुकर्रर की जाने लगी।

मैं मूल समस्या की ओर माननीय मंत्री का ध्यान दिला रहा हूं। रेलवे लाइन बननी है, पोस्ट आफिस खुलना है या कोई हवाई अड्डा बनना है या बिजली का प्रोजेक्ट बनना है, राष्ट्रीय मार्ग बनना है या कोई इंडस्ट्री लगनी है या कोई पुल बनना है, सारे देश के लिये एक अनुरूप पैटन चुन लिया गया। नतीजा यह हुआ कि प्रगति के इस मैदान में जहां पहले ही बहुलता थी, जहां पहले ही प्रगति थी, वहां तो प्रगति